Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of a Sports Centre of Sports Authority of India (SAI) in Sirsa, Haryana.

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): अध्यक्ष जी, मैं अनुरोध करना चाहती हूं कि हमारे हरियाणा में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (भारतीय खेल प्राधिकरण) जैसा कुछ नहीं है । हमारे यहां की एक बेटी सविता पुनिया है, जो सिरसा के जोधकान गांव की है । वह हमारे इण्डिया की हॉकी टीम में गोल कीपर है । पिछले दिनों हिरोशिमा से यह टीम प्राइज लेकर आई थी । हमारी पूरी उम्मीद है कि यह टीम टोक्यो 20-20 में ओलम्पिक के अंदर भी पार्टिसिपेट करेगी । माननीय मंत्री श्री किरेन रिजीजू जी उस टीम से मिले हैं और उन्होंने उनको बहुत प्रोत्साहित किया । मेरा अनुरोध है कि हमारे सिरसा में अगर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, 'साई' के नाम से कुछ बनाया जाए तो बच्चों को बहुत लाभ मिलेगा । जो बच्चे नशे की ओर जा रहे हैं, वे बच्चे भी नशा छोड़कर खेल-कूद में पार्टिसिपेट करेंगे तो मुझे लगता है कि उनको बहुत प्रोत्साहन मिलेगा । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।